के लिए अनुदेश जारी कर दिये गये हैं। रेलों की विभिन्न यूनिटों को निदेश दिये गये हैं कि वे भावी खरीदों के लिए इन अनुदेशों का अनुपालन करें।

(ग) राजभाषा के प्रयोग, प्रचार तथा प्रसार के लिए की गयी कुछ महत्व-पूर्ण व्यवस्थाएं नीचे दी गयी हैं :

(1) राजभाषा विभाग (गृह मंत्रालय) द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम का व्यापक प्रचार किया जाता है तथा वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सभी रेलवे कार्यालयों में जांच-स्थल स्थापित किए गए हैं और इन जांच-स्थलों पर कड़ी नजर रखी जाती है ।

(2) हिन्दी के प्रगामी प्रयोग की समीक्षा करने के लिए 762 राजभाषा कार्यान्वयन समितियां गठित की गयी हैं । इन समितियों की नियमित तिमाही बैठकें आयोजित करने के अनुदेश जारी किए गए हैं । समग्र आकलन के उद्देश्य से रेलवे हिन्दी सलाहकार समिति की तिमाही बैठकों में समीक्षा भी की जाती है ।

(3) वरिष्ठ अधिकारी हिन्दी के प्रयोग में हुई प्रगति का जायजा लेने के लिए रेल कार्यालयों का नियमित रूप से निरीक्षण करते हैं । ऐसे निरी-क्षणों के दौरान ध्यान में आने वाली विसंगतियों की ओर तुरन्त ध्यान दिया जाता है ।

(4) अपना सरकारी कामकाज हिन्दी में करने के लिए अधिकारियों/कर्म-चारियों को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न रेल कार्यालयों में 11 प्रोत्साहन योजनाएं शुरू की गयी हैं, जो गृह मंत्रालय द्वारा शुरू की गयी योजनाओं के अलावा हैं ।

बरियारपुर रेलवे स्टेशन पर बुनियादी सुख-सुविधाओं का अभाव

1515. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) क्या यह सच है कि लगभग 6 से 8 हजार मजदूर प्रतिदिन बरियारपुर रेलवे स्टेशन क्षेत्र से जमालपुर कारखाने में काम करने के लिये जाते हैं लेकिन रेल विभाग ने बरियारपुर क्षेत्र में न तो कोई प्राथमिक, माध्यमिक या वरिष्ठ माध्य-मिक विद्यालय खोला है और न ही कोई क्लब, पुस्तकालय, खेल का मैदान या अस्-पताल बनवाया है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि श्रावण मेले के दौरान पवित्र गंगा में स्नान करने के लिए प्रतिदिन एक लाख से अधिक लोग बरियारपुर-सुल्तानगंज की यात्रा करते हैं, लेकिन पिछले एक वर्ष के दौरान बार-बार मौखिक तथा लिखित रूप में अनु-रोध किये जाने के बावजूद रेल विभाग ने रेल आवास, चिकित्सा, रोशनी, तथा सफाई संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कुछ भी नहीं किया है; और

(ग) क्या यह भी सच है कि हालांकि 10–20 हजार लोग बरियारपुर के निकट कौड़ियाधाम जाने तथा वहां से लौटाने के लिये बरियारपुर रेलवे स्टेशन पर चढ़ते-उतरते हैं फिर भी, उन्हें मौखिक आश्वासन के सिवाय, किसी प्रकार की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री महाबीर प्रसाद) : (क) से (ग) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

Fleet of Battery-run-Buses

1516. SHRI MAHENDRA PRASAD: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether the Delhi Transport Corporation has acquired a fleet of Battery-run-buses;